Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005
Participants : Yadav Shri Anirudh Prasad (Sadhu)

Title: Need to revive closed sugar mill in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री अनिरुद्ध प्रसाद उर्फ साधु यादव (गोपालगंज) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज, बिहार के हथुआ अनुमंडल की एक मात्र बंद पड़ी बिहार स्टेट शुगर कारपोरेशन इकाइ की ओर ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं।

महोदय, उपरोक्त चीनी मिल 1997 से बंद पड़ी है। वर्तमान में इस मिल में 1300 कर्मचारी कार्यर्रत हैं, जिनका वेतन के रूप में इस मिल पर लगभग 10 करोड़ रूपये बकाया है। वेतन नहीं मिलने के कारण लगभग 16 कर्मचारी भूख तथा दवा के अभाव में मर चुके हैं।

इस मिल पर 784 गांव के 23,000 गन्ना किसानों का लगभग 2 करोड़ 5 लाख रूपया बकाया है।

1997 के बाद से तीन बार बिहार सरकार की मंत्रीमंडलीय स्वीकृति के बाद भी मिल को पुनः चालू नहीं किया जा सका है।

अतः महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह मांग करता हूं कि उपरोक्त चीनी मिल को जल्द से जल्द चालू किया जाये और मिल के ऊपर मजदूरों और किसानों का जो रूपया बकाया है, उसका जल्द से जल्द भुगतान किया जाये।